तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025


13 महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना की



14 सुरक्षाकर्मियों ने रोका तो कांग्रेसी ननि के मुख्य गेट के सामने...





## खबर संक्षेप

### सिंगपुर में समाधान शिविर आज

**मगरलोड।** मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के आदेशानुसार सुशासन तिहार के तहत राज्य के प्रत्येक गांव में मांग, समस्या, सुझाव पत्र लिया गया है। जनपद पंचायत मगरलोड द्वारा 66 ग्राम पंचायत को 7 कलस्टर में विभाजित कर समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। 27 मई मंगलवार को सिंगपुर में शिविर लगेगा जिसमें सिंगपुर, बिरझुली, पठार, खड़मा , मुड़केरा, सोनझरी, केकराखोली, भंडारवाड़ी शामिल है।

### आर्मी भर्ती पर 31 को निःशुल्क कार्यशाला

**धमतरी।** नगरी विकासखंड के सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय सिहावा में आर्मी भर्ती को लेकर सुबह 10 बजे से निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता (फिजिकल), चिकित्सा परीक्षण की तैयारी एवं दस्तावेज के बारे में बताया जायेगा। कार्यशाला में भारतीय सेना के अलग-अलग पदों की तैयारी किस प्रकार करें, कौन सी पुस्तक पढ़ें व फिजिकल, मेडिकल व साक्षात्कार की तैयारी किस प्रकार से करें, इसकी पूर्ण जानकारी दी जावेगी।

### नत्थूजी जगताप स्कूल का रिजल्ट बेहतर

**धमतरी।** शासकीय नत्थूजी जगताप उमावि धमतरी के कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर को गौरवान्वित किया है। हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रियंका साहू, योगेश ढीमर, तरूण कुमार रहे। इसी तरह हाईस्कूल परीक्षा में यास्मिन, अनमोल लाल, कशिश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। प्राचार्य डॉ. अन्नपूर्णा सिन्हा एवं विद्यालय परिवार ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** मानसिक बीमारी से पीड़ित एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अतुल पंसारी पिता निलेश उम्र 20 वर्ष आस्था नगर धमतरी निवासी की 4-5 साल से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसका उपचार दुर्ग में चल रहा था। रविवार की शाम पिता निलेश पंसारी दवाई खरीदने मेडिकल चला गया। घर पर अतुल व उसकी बहन थी। पिता दवाई खरीदकर घर पहुंचा तो युवक सिलिंग पंखा में साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। जीवित होने के अंदेशे के चलते पिता ने युवक को फंदे से नीचे उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

स्वास्थ्य विभाग में प्रक्रिया जारी, 11 निजी अस्पतालों का नाम प्रस्ताव कर लीड एजेंसी को भेजा गया

# सड़क दुर्घटना में घायलों के नकद रहित उपचार में विलंब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सड़क दुर्घटना में घायलों की नकदी रहित उपचार स्कीम शुरु नहीं हो पाई है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 11 अस्पतालों का नाम चयन कर लीड एजेंसी का प्रस्ताव भेजा है। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल सहित पांच हास्पिटल को नकदी रहित उपचार के लिए चयन किया जाएगा। चयनित अस्पतालों के साथ पुलिस, सड़क सुरक्षा के अधिकारी एग्रीमेंट करेंगे।

अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छग के अध्यक्ष संजय शर्मा ने 19 मई 2025 को प्रदेश के समस्त कलेक्टर, अध्यक्ष जिला सड़क सुरक्षा समिति तथा पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी कर कहा है कि भारत के राजपत्र क्र. 1971 दिनांक 5 मई 2025 से प्रवृत सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की नकदी रहित उपचार स्कीम 2025 की प्रभावशीलता के आलोक में मोटरयान के प्रयोग से सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित को 1.50 लाख रूपए तक की नकदी रहित उपचार की पात्रता प्रावधानित है। श्री शर्मा ने नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। जिले में सड़क हादसे के आंकड़ों पर गौर


▸▸ शेष पेज 12 पर




फाइल फोटो

### स्कीम के लिए अस्पताल से एग्रीमेंट होगा

सीएमएचओ डा. यूएल कौशिक ने बताया कि अस्पतालों में सुविधा के अनुसार 11 निजी अस्पतालों का नाम प्रस्तावित कर लीड एजेंसी को भेजा गया है। खासकर हड्डी से संबंधित उपचार करने ट्रामा सेंटर वाले अस्पतालों का नाम प्रस्तावित किया गया है। अभी किसी भी अस्पताल में सड़क हादस से घायल व्यक्ति के नकदीर हित उपचार शुरु नहीं हो पाया है। लीड एजेंसी में अस्पतालों का नाम चयन होने के बाद प्राइवेट अस्पताल के साथ पुलिस अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एग्रीमेंट होगा। प्रक्रिया जारी है। शीघ्र ही जिले के अस्पतालों में नकदी रहित उपचार शुरु हो जाएगा।

### डेढ़ दर्जन निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना

आयुष्मान योजना के तहत 18 अस्पतालों में उपचार हो रहा है। योजना के नोडल अधिकारी देवेंद्र सोनी ने बताया कि उपचार सुविधा से लैस शहर के 5 निजी अस्पतालों का नकदी रहित उपचार स्कीम लागू करने की प्रक्रिया जारी है। फिलहाल आयुष्मान योजना के तहत धमतरी क्रिश्चयन अस्पताल, उपाध्याय नर्सिंग होम, ओजस्वी नर्सिंग होम, रामेश्वर हास्पिटल, फ्रेक्चर चोट एवं हड्डी रोग अस्पताल, खालसा नर्सिंग होम, लुंकड़ नर्सिंग होम, प्रदीप हास्पिटल कुरूद, फ्रेक्चर ट्रामा हास्पिटल, धमतरी हास्पिटल, एकता हास्पिटल एवं पैथोलाजी सेंटर, श्रीराम मल्टी स्पेशलिटी, श्री कान्हा हास्पिटल, सिद्धि विनायक, न्यू चटर्जी हास्पिटल, शिवनंदा हास्पिटल, नंदा हास्पिटल, खालसा आई, रेटिना वेयर हास्पिटल में आयुष्मान योजना के तहत उपचार हो रहा है।

# ओपीडी पहुंचकर महापौर ने डाक्टरों की उपस्थिति देखी

- महापौर व आयुक्त ने लिया अस्पताल का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





महापौर सोमवार को अचानक जिला अस्पताल की ओपीडी पहुंचे। सभी डाक्टरों के कक्ष का निरीक्षण कर उनकी उपस्थिति को चेक किया। इस दौरान कुछ कक्ष के डाक्टरों की कुर्सियां खाली पाई गई।

जिला अस्पताल की लचर सिस्टम की मिल रही शिकायत पर नगर निगम महापौर रामू रोहरा सोमवार की दोपहर अचानक जिला अस्पताल पहुंचे। महापौर ने आमजन की तरह अकेले ओपीडी में प्रवेश कर डाक्टरों के कक्ष क्रमांक 101 से लेकर कक्ष क्रमांक 111 का निरीक्षण कर चिकित्सकों की उपस्थिति चेक की। इस दौरान कक्ष क्रमांक 111 खाली मिला। वहीं कक्ष क्रमांक 107 में एक भी डाक्टर मौजूद नहीं था। कक्ष क्रमांक 102 भी खाली रहा। वहीं कुछ कक्ष में सिंगल डाक्टर ही मौजूद थे। इस दौरान महापौर ने खाली मिले डाक्टरों के कक्ष की अपने मोबाइल से फोटो ली। महापौर द्वारा अचानक ओपीडी निरीक्षण किये जाने की अस्पताल प्रबंधन को जानकारी नहीं मिली। भनक लगते ही अस्पताल प्रबंधन में हड़कम्प मच गया। तत्काल सिविल सर्जन, अस्पताल सलाहकार सहित अन्य स्टाफ पहुंच गया। महापौर ने ओपीडी के निरीक्षण के बाद ओपीडी पंजीयन पर्ची काउंटर का निरीक्षण कर कतार में लगे लोगों से चर्चा कर समस्याएं पूछी। तब तक निगम आयुक्त प्रिया गोयल भी जिला अस्पताल पहुंच गईं। इसके बाद महापौर व आयुक्त सिविल सर्जन के कक्ष में मीटिंग ली। मीटिंग लगभग आधा घंटा चली। इस दौरान अस्पताल में मिली कमियां, पर्ची काउंटर व डाक्टरों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली।

### कमियों को दूर करने के दिए निर्देश

महापौर रामू रोहरा ने बताया कि निरीक्षण में कुछ कमियां मिली हैं। जिसे बैठक कर दूर करने के लिए कहा गया है। वहीं पंजीयन के लिए तीन काउंटर है। तीसरे काउंटर में गर्भवती महिलाओं के नहीं होने की स्थिति में उसमें भी सामान्य पंजीयन किया जाए जिससे आसानी व जल्दी पंजीयन बने, इसके लिए निर्देशित किया गया है। ओपीडी में निरीक्षण के दौरान डाक्टरों की उपस्थिति पाई गई है। कुछ डाक्टर के छुट्टी व वीआईपी ड्यूटी में होने की जानकारी मिली है।

# छात्रावास निर्माण में वन विभाग की आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- रिसगांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

वनांचल क्षेत्र के ग्राम रिसगांव सरपंच सहित ग्रामीण गजेन्द्र, ईश्वरी लाल, धनेश मरकाम ने सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत रिसगांव में हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। यहां दूरदराज के छात्र पढ़ने आते हैं। इनके लिए छात्रावास निर्माण की स्वीकृति हो गई है तथा निर्माण कार्य भी जारी था लेकिन अचानक वन विभाग द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है जिससे छात्रावास निर्माण कार्य अधर पर लटक गया है। पूर्व में भी इसकी शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। सरपंच ने छात्रावास निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति दिलाने की मांग की है।

### आवास के लिए रेत उपलब्ध कराने की मांग

रिसगांव सरपंच ने एक अन्य आवेदन में कहा है कि रिसगांव पंचायत के आश्रित गांवों में पीएम आवास की स्वीकृति मिली है। आवास के लिए रेत की आवश्यकता होती है लेकिन वन विभाग द्वारा रेत लाने पर रोक लगा दी गई है जिसके कारण आवास निर्माण का कार्य आधा अधूरा पड़ा है। वन विभाग के अधिकारी कभी रेत ले जाने के लिए बोलते हैं तो कभी रोक लगा देते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के लिए रेत उपलब्ध कराने की मांग की है।

# रबी फसल धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



- किसान यूनियन ने कलेक्टर जनदर्शन में पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

छग जिला किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने किसान हित में पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा है। यूनियन ने कहा है कि असामयिक लगातार बारिश और तूफान से फसल खेतों में चटाई की तरह सो गई है। किसान कटाई-मिंजाई नहीं कर पा रहे हैं। धान सड़ रहा है। फसल बर्बाद हो चुकी है। किसानों की उड़द, मूंग फसल भी बारिश से बर्बाद हो गई है। उन्होंने राज्य सरकार से धान, उड़द, मूंग पर उचित मुआवजे की मांग की है।

ग्रीष्मकालीन फसल में 25 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा में धान की फसल ली गई है। धान का समर्थन मूल्य 2300 रूपए है, लेकिन व्यापारी धान की बोली 1700 से 1800 रूपए लगा रहे हैं। इससे किसान अपने आपको ठगा महसूस कर रहे है। यूनियन ने कहा कि फसल की लागत अधिक होने के कारण सरकार किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदे तथा मंडियों में समर्थन मूल्य से नीचे बोली लगाने पर रोक लगाई जाए। जीवनदायिनी महानदी से भारी पैमाने पर रेत का उत्खनन किया जा रहा है। महानदी से रेत खाली होने से नदी किनारे के अनेक गांव का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। टयूबवेल में पानी नहीं आने से खेती बाड़ी करने में दिक्कत आ रही है, वहीं पीने का पानी का संकट गहराने लगा है। रेत के दोहन पर शीघ्र प्रतिबंध लगाया जाए। समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा खरीदे गए चने का भुगतान शीघ्र करने तथा सोसाइटियों में खाद की व्यवस्था करने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, जितेंद्रकुमार, शिवराज यादव, प्रेमलाल साहू, सुदर्शन ठाकुर, मनहरण साहू, रामनिहारो निषाद, महिपाल साहू, ज्ञानीराम, पूरणलाल आदि उपस्थित थे।

दूसरे दिन भी गोताखोर व एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी रही

# कवर्धा का युवक गंगरेल बांध से हुआ लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गंगरेल घूमने पहुंचे कवर्धा का एक युवक बांध किनारे से अचानक लापता हो गया। डूबने की आशंका के चलते गोताखोर व एसडीआरएफ की टीम ने दूसरे दिन भी पानी में युवक की तलाश जारी रखी लेकिन मिसिंग युवक की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार हेमंत चन्द्रवंशी उम्र 30 वर्ष कवर्धा निवासी बीते 24 मई को अपने कर्मचारियों के साथ गंगरेल घूमने आया था। युवक शनिवार की रात्रि अपने कर्मचारियों के साथ रिसार्ट में रूका था। दूसरे दिन रविवार की सुबह युवक नहाने के लिये पैदल अंगारमोती के पीछे बांध किनारे चला गया। युवक ने साथ में आये अपने कर्मचारी को टूथब्रश व साबुन लाना भूल गया कहकर लाने के लिये उसे वापस भेज दिया। कर्मचारी टूथब्रश व साबुन लेकर वापस पानी के किनारे पहुंचा तो हेमंत वहां पर नहीं था। पत्थर में उसका मोबाइल, चप्पल व टॉवेल रखा हुआ था। कर्मचारी ने युवक की आसपास तलाश की। नहीं मिलने पर उसने मंदिर के पुजारी को इस घटना की जानकारी दी। उसके बाद रूद्री पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस गोताखोर टीम के साथ तत्काल गंगरेल बांध पहुंच गई। युवक के बांध में डूब जाने की आशंका के चलते गोताखोर को पानी में उतारा गया। शाम तक पानी में तलाश करने के बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चला। शाम होने के कारण एसडीआरएफ टीम रायपुर को बुलाया गया। टीम ने अंडरवाटर कैमरे की मदद से पानी के नीचे तलाश की। फिर भी युवक का पता नहीं चला। रात हो जाने के कारण खोज रोक दी गई। दूसरे दिन सोमवार को एसडीआरएफ की टीम व गोताखोर ने दोबारा युवक की तलाश शुरू की लेकिन शाम तक युवक का कहीं पता नहीं चल पाया। प्रथमदृष्टया युवक के डूबने की आशंका के चलते टीम पानी में युवक की तलाश करती रही लेकिन 30 घंटे से अधिक हो जाने पर भी युवक के नहीं मिलने पर पुलिस दूसरे एंगल से जांच शुरू कर दी है।

### कूटरचना की आशंका

रविवार की सुबह से टीम युवक की तलाश कर रही है लेकिन किसी प्रकार का सुराग नहीं मिलना किसी कूटरचना की ओर संकेत कर रहा है। सूत्रों की माने तो हेमंत चन्द्रवंशी कवर्धा में अकेला रहकर एल्युमिनियम का काम करता है। इस काम के लिये युवक ने कर्मचारी भी रखा हुआ है। बताया जाता है कि उस पर लाखों रूपये का कर्ज है। कर्ज और 30 घंटे के रेस्क्यू के बाद भी युवक का नहीं मिलना किसी गड़बड़ी की ओर इशारा कर रहा है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि युवक कर्मचारियों को चकमा देकर कहीं निकल गया होगा।

# बाईपास होने के बाद भी भारी वाहनों का शहर में प्रवेश

### ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, दुर्घटना की आशंका बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने, दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने, जाम से निजात दिलाने लोगों की मांग पर शासन के आउटर में बाईपास बनाया है। इसके बाद भी शहर के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश जारी है। भारी वाहनों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। बेकाबू वाहनों से दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गई है। अर्जुनी चौक, बठेना चौक, घड़ी चौक, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक मार्ग में जाम की स्थिति बन रही है।

नेशनल हाईवे के व्यापारी राघव शर्मा, आदित्य शर्मा, सिद्धार्थ गिलहरे, आर्यन भारद्वाज, रामेश्वरी अवस्थी आदि ने भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि दिन के उजाले में भी ट्रक, हाइवा, भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते है। रात में तो स्थिति और खराब हो जाती है। 10 बजे के बाद एक साथ 50-50 की संख्या में हैवी वाहन हार्न बजाते हुए बेधड़क गुजरते हैं। शहर के मेन रोड के अलावा सिहावा रोड, रूद्री रोड में भी भारी वाहन बेधड़क चल रहे हैं।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


खदान का रास्ता खोदकर खदानों पर लगाया था प्रतिबंध, फिर भी निकल रही रेत

# कार्रवाई के बाद भी बंद नहीं हुई अवैध रेत खदानें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध रेत खदानें बंद नहीं हो रही हैं। कार्रवाई के बाद जैसे ही खनिज विभाग के अधिकारी कर्मचारी खदान से लौटते हैं, उसके घंटे भर के भीतर खदानों से रेत की निकासी फिर शुरू हो जाती है। विडंबना यह है कि अब तक एक भी अवैध रेत खदान संचालनकर्ता पर कार्रवाई नहीं हुई है।

रेत खदानों से हो रही बंपर आवक से रेत माफिया का मोहभंग नहीं हो रहा है। अमेठी, कोलियारी, जवरगांव सहित अन्य खदानों के लिए खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं है। इसके बाद भी सालों से इन खदानों से बदस्तूर रेत का उत्खनन हो रहा है। उल्लेखनीय है कि ये रेत खदान शहर के पास है, इसलिए शहर में रेत की सप्लाई इन्हीं खदानों से हो रही है। पीएम आवास सहित अन्य निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं 10 जून के बाद रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा। ऐसे में शहर और आसपास के क्षेत्र में रेत की डिमांड काफी अधिक है, जिसके चलते इन खदानों में रोजाना सैकड़ों की संख्या में रेत लोडिंग के लिए ट्रैक्टर पहुंच रहे हैं। खदान संचालकों द्वारा इन ट्रैक्टरों से अवैध वसूली की जा रही है। प्रति ट्रैक्टर 50-100 रुपए लिए जा रहे हैं। हर खदान में रोजाना 15-20 हजार रुपए की आवक होती है। इस राशि में से एक रुपया भी शासन को नहीं जाता है। खदान संचालक आपस में बंदरबाट कर लेते हैं।

### कार्रवाई का कोई असर नहीं

कुछ दिन पहले कोलियारी और अमेठी रेत खदान पर कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने जेसीबी मशीन से रास्ता को खुदवा दिया था। कार्रवाई के बाद खनिज विभाग की टीम के जाते ही दूसरे रास्ते से ट्रैक्टरों से रेत की निकासी शुरू कर दी गई। खनिज विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई कई बार की जा चुकी है लेकिन एक बार भी खदान पूर्णतः बंद नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि खनिज विभाग खदान का रास्ता बंद करता है या ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करता है। खदान संचालकों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की हुई है, जिसके चलते ये खदानें बंद नहीं हो रही हैं।



### उत्खनन बंद होने पर संशय

हर साल बारिश से पहले ही नदियों से रेत का उत्खनन बंद कर दिया जाता है। इस साल भी 10 जून से महानदी सहित अन्य नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। बारिश में बेचने के लिए बड़ी संख्या में व्यवसायियों ने रेत डंप भी कर रखा है। विडंबना यह है कि ट्रैक्टरों से रेत उत्खनन बारिश में भी बंद नहीं होता है। महानदी का अधिकांश पानी गंगरेल बांध में स्टोर हो जाता है जिसके चलते बारिश के दिनों में भी नदी में ज्यादा पानी नहीं होता है। ट्रैक्टर संचालक कहीं न कहीं से रास्ता बनाकर नदी से रेत निकाल ही लेते हैं। हालांकि इस दौरान रेत के दाम जरूर बढ़ जाते हैं। इस साल भी रेत के उत्खनन पर पूर्णतः पाबंदी लगाना मुश्किल नजर आ रहा है।

**खबर संक्षेप**

## डॉ. चोवाराम को मिला वीर सावरकर स्मृति सम्मान



**जीजामगांव।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, विचारक, समाज सुधारक, कवि, इतिहासकार, राजनेता दामोदर वीर सावरकर जयंती पर शिक्षा, साहित्य, कला एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ. चोवाराम यदु सिर्वे (भखारा) निवासी को वीर सावरकर स्मृति सम्मान 2025 प्रदान किया गया है। डॉ. यदु 2003 से शिक्षा के क्षेत्र में जुड़े हुए हैं वहीं साहित्य लेखन, पर्यावरण, समाजसेवा के साथ साथ गांव की मानस मंडली एवं लीला मंडली के संचालक के रूप में लंबे अरसे से सेवा दे रहे हैं। यह सम्मान शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति का संगम के निदेशक ओमप्रकाश लववंशी साहित्य अकादमी कोटा राजस्थान द्वारा दिया गया।

## चन्द्रसूर में क्रिकेट 28 से

**मगरलोड।** ग्राम चन्द्रसूर में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 28 मई से 1 जून तक किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये है। आकर्षक पुरस्कार मैन ऑफ द मैच 501 रूपये है। प्रवेश शुल्क 501 रूपये है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## सड़क दुर्घटना में घायलों का नकदी रहित ...

करे तो 2023 में कुल 337 सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें से 168 की मौत हुई और 158 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। 2024 में 325 हादसे हुए हैं जिसमें 150 की मौत और 160 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। शासन की नकदी रहित उपचार स्कीम के संबंध में जागरूक नागरिक हेमंत भांडे, प्रदीप साहू, राजा सेन कहते हैं कि नकदी रहित उपचार स्कीम सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है। सड़क हादसे के दौरान त्वरित उपचार के लिए अस्पतालों में हजारों रुपए नकद देना पड़ता है। पैसे की व्यवस्था नहीं होने पर अस्पताल इलाज करने से कन्नी काटता है और मरीज को रिफर करने का प्रयास करता है। त्वरित उपचार नहीं मिलने से कई लोग मौत के गाल में समा जाते हैं। ऐसे में शासन को नकदरहित उपचार स्कीम पीड़ितों के लिए जीवनदायनी साबित होगी। उन्होंने इस स्कीम के लिए सरकार को संवेदनशील होना बताया है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रामकुमारी पति श्री गिरीशचन्द्र साहू जाति-तेली, निवासी-दर्रा, तहसील कुरूद जिला धमतरी छत्तीसगढ़ है।

यह कि मेरे आधार कार्ड, सभी शैक्षणिक दस्तावेज व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम रामकुमारी दर्ज है व पति श्री गिरीशचन्द्र साहू के सर्विस पुस्तिका में मेरा नाम रत्ना साहू दर्ज है।

यह कि मैं रामकुमारी व रत्ना साहू दोनों नाम की एक ही व्यक्ति हूं तथा मेरे पति गिरीशचन्द्र साहू के सर्विस बुक में नाम सुधार कर रत्ना साहू के स्थान पर रामकुमारी दर्ज करवाना चाहती हूं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। सो सूचना जानें।

शपथकर्ता
रामकुमारी
पति श्री गिरीशचन्द्र साहू
जाति-तेली, निवासी-दर्रा
तहसील कुरूद, जिला-धमतरी

केसीए के बैनर तले खेल मेला मैदान कुरुद में 7 जून तक आयोजित है समर कैंप

# बच्चे सीख रहे हैं बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग की बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरूद के खेल मेला मैदान में केसीए के बैनरतले क्रिकेट प्रशिक्षण समर कैंप आयोजित है जिसमें विभिन्न क्षेत्र के बच्चे क्रिकेट का प्रशिक्षण लेकर बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग की बारीकियां सीख रहे हैं। 24 मई से 7 जून तक चलने वाले क्रिकेट प्रशिक्षण कैम्प का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पार्षद डुमेश साहू, वरिष्ठ खिलाड़ी पुष्कर गोस्वामी के आतिथ्य में किया गया। अपने स्वागत भाषण में कुरुद क्रिकेट अकादमी प्रमुख संजय ध्रुव ने कहा कि खेल मैदान में रोज सुबह 5 से 8 बजे तक बच्चों को क्रिकेट की बारिकियां सिखाने पश्चिम बंगाल से सीनियर कोच बुलवाया गया है। उनके अलावा हमारे अनुभवी



खिलाड़ी भी बच्चों को बैट, बॉल और फील्ड की जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक कुरुद के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के 30-35 बच्चों ने एंट्री ले ली है। वरिष्ठ क्रिकेटर पुष्पकर गोस्वामी ने माना कि आईपीएल में क्रिकेट खिलाड़ियों का जलवा देख माता पिता भी अब खेलकूद के महत्व को समझ अपने बच्चों को मैदान में



### समर कैंप में बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा

उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री चन्द्राकर ने कहा कि पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर की पहल पर कुरुद में खेल मैदान एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां के कबड्डी, वालीबॉल, शतरंज, बैडमिंटन, मैराथन एवं क्रिकेट के कई खिलाड़ियों ने प्रदेश के बाहर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मंडल अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को मोबाइल की दुनिया से बाहर निकल मैदान का रुख करने का मौका मिलता है। नपं उपाध्यक्ष एवं पार्षद श्री साहू ने कहा कि पहले टीसीएस और अब केसीए द्वारा बल्ले से नई पीढ़ी का रिश्ता जोड़े रखने का प्रयास किया जा रहा है।

भेजने लगे हैं। यहां टर्फ विकेट, बॉल मशीन, रोलर, ओपन जिम जैसी सुविधा उपलब्ध हो तो खिलाड़ियों को प्रैक्टिस में काफी मदद मिल सकती है।

कैंप के सफल संचालन में बिष्णु निर्मलकर, सूर्या, पवन चंद्राकार, मुन्ना खान, उमेश साहू, चंद्रेश कुर्रे, रियाज हलारी, भुनेश्वर यादव, राहुल देवांगन, प्रतिक दर्रो, मो.राजा चिंता धीवर, रुपकुमार साहू आदि योगदान दे रहे हैं।

# सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही छात्रा को मिलेगा लैपटाप

- जनदर्शन में लोहरसी की ऐश्वर्या ने की थी लैपटाप की मांग, कलेक्टर की पहल पर मिला
- कलेक्टर जनदर्शन में पीएम आवास, पेंशन, मजदूरी भुगतान संबंधित कुल 58 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लोगों की समस्या, मांग और शिकायतों के निराकरण के लिए प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या व शिकायतें सुनी और उन पर विचार कर निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जनदर्शन में ग्राम लोहरसी निवासी कुमारी ऐश्वर्या गंगबेर ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए लैपटाप की मांग की। कलेक्टर ने ऐश्वर्या से उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा। ऐश्वर्या ने बताया कि वह सिविल इंजीनीयरिंग की पढ़ाई कर रही है। आगे की पढ़ाई के लिए उसे लैपटाप की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि उसके पिताजी मूर्ति बनाने का काम करते हैं और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह लैपटाप नहीं खरीद पा रही है। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजना के तहत ऐश्वर्या को लैपटाप प्रदान किया जाए।

वहीं जनदर्शन में नवागांव कचना निवासी राजेश कुमार ने बीते 12 वर्षों से निजी जमीन पर गांव का गंदा पानी छोड़ने के कारण खेती नहीं कर पाने की शिकायत कलेक्टर के समक्ष की। कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आवेदक की भूमि के पानी को नाली के माध्यम से अन्य स्थान प्रवाहित करने और मौके का निरीक्षण करने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद को दिये। जनदर्शन में कुरूद विकासखंड के धौराभाठा निवासी मनोज कुमार ने पट्टा भूमि से अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। मनोज कुमार ने बताया कि उनके पिताजी के नाम से 1600 वर्गफीट का पट्टा प्रदान किया गया था। गांव की महिला द्वारा लगभग 19 वर्गफीट में कब्जा कर लिया गया है। गांव वालों के समझाने पर भी वह कब्जा नहीं छोड़ रही है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस संबंध में एसडीएम कुरूद को जमीन का सही माप करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, मजदूरी भुगतान आदि से संबंधित कुल 58 आवेदन मिले।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति : नए और नवीनीकरण आवेदन के लिए विद्यार्थियों को मिलेंगे तीन मौके

- पहला मौका 31 मई और अंतिम मौका 30 नवम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के शासकीय-अशासकीय कॉलेजों मे पढ़ने वाले अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का फॉर्म भरने के लिए तीन मौके मिलेंगे। शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थी 31 मई, 31 अगस्त और 30 नवम्बर तक ऑनलाईन पोर्टल पर फॉर्म भर सकेंगे। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति सभी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेजों, आईटीआई और नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ने वाले पात्र विद्यार्थियों को मिलेगी। शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई पोस्टमेट्रिक-स्कालरशिप डाट सीजी डाट नीक डाट इन वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। नवीनीकरण के आवेदन पोर्टल पर 31 मई, 31 अगस्त और 30 नवम्बर तक भरे जा सकेंगे। इसी तरह नये आवेदन 31 अगस्त, 30 सितम्बर और 30 नवम्बर तक भरे जाएंगे।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के पालक की आय-सीमा ढाई लाख रूपये प्रतिवर्ष तथा अन्य पिछडा वर्ग के लिए आय-सीमा एक लाख रूपये प्रतिवर्ष होगी। विद्यार्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र और विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम संबंधी दस्तावेज पोर्टल पर ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा। शासन द्वारा आधार से लिंक बैंक खाते में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जायेगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्धारित तिथियों को प्रति विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है। कलेक्टर ने इसके लिए सभी कॉलेजों-संस्थाओं के प्रमुखों को भी जिम्मेदारी दी है। किसी भी विद्यार्थी के छात्रवृत्ति से वंचित होने पर संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे। 31 मई तक नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन प्राप्त सभी आवेदनों की स्वीकृति पात्रताअनुसार 10 जून तक कर दी जाएगी और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि भी विद्यार्थियों के खाते में जमा की जाएगी। 31 अगस्त तक प्राप्त आवेदनों को पात्रता अनुसार 10 सितम्बर तक स्वीकृत कर राशि खातों में जमा कर दी जाएगी। 30 नवम्बर तक प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति पात्रतानुसार 20 दिसम्बर तक होगी और 31 दिसम्बर तक विद्यार्थियों के खातों में छात्रवृत्ति राशि जमा की जाएगी।

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया वार्षिकोत्सव

# सिल्वर जुबली में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरूद सेवा केंद्र के तत्वावधान में नवनिर्वाचित नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों का अभिनंदन समारोह और सेवा केंद्र का वार्षिक उत्सव सिल्वर जुबली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजयोगिनी सरिता दीदी संचालिका धमतरी क्षेत्र थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीके सुनीता ने की। विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर के प्रतिनिधि एवं वंदे मातरम बोल बम



सेवा समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर , उपाध्यक्ष देवव्रत साहू एवं पार्षद डुमेश साहू, रजत चंद्राकर, महेंद्र गायकवाड़, श्रीमती उर्वशी रजत चंद्राकर्र, रवि प्रकाश मानिकपुरी, सुश्री कविता चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव, श्रीमती राजकुमारी ध्रुव, मनीष साहू, श्रीमती मंजु साहू एवं श्रीमती शारदा देवी साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष थी।

बीके सुनीता संचालिका कुरुद सेवा केंद्र ने स्वागत किया। स्वागत गीत बीके पुष्पेंद्र ने प्रस्तुत किया। मयूर के मधुर गीत ने सबका मन मोह लिया। मुख्य वक्ता सरिता दीदी ने कहा कि जब राज सत्ता और धर्म सत्ता के साथ जब आध्यात्मिक सत्ता जुड़ जाता है तो विकास की गति तेज हो जाती है। परमात्मा की याद से कोई कर्म जब हम करते हैं तो हमारे कार्य में कुशलता जाती है और हमारी सफलता सुनिश्चित हो जाती है। वंदे मातरम समिति के अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने कहा कि ब्रम्हाकुमारी बहनों की निस्वार्थ सेवाएं हम सबको प्रेरणा देती हैं और निश्चित रूप रूप से विश्व स्तर पर समाज उत्थान का कार्य कर रही है वह सराहनीय है।

# सोसाइटी कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर डिप्टी सीएम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी

सोसाइटी कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर डिप्टी सीएम से मुलाकात की। उनके साथ प्रबंधकीय अनुदान, सेवा नियम में संशोधन, बैंकों में समिति कर्मचारियों की भर्ती, दो साल की धान सूखत सहित शतन्य शॉर्टेज प्रोत्साहन राशि आदि विषयों पर चर्चा की गई। डिप्टी सीएम ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

जिला कार्यवाहक अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि एक तरफ शासकीय कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ सरकार सातवां वेतनमान, पेंशन, ग्रेजुविटी,



महंगाई भत्ता आदि दे रही है। दूसरी और समिति के कर्मचारियों को वेतन मिलना दूभर हो गया है। अनेकों बार मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों के चक्कर लाग रहे हैं। 19 मई को मंत्रालय का भी घेराव किया गया। रविवार को महासंघ के दर्जनों प्रतिनिधिमंडल कबीरधाम भोरमदेव मंदिर में बैठक हुई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी भोरमदेव मंदिर पहुंचे थे। प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री से अपनी लंबित मांगों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आपकी सभी मांगें जायज है।

# सिवनीकला की आंगनबाड़ियों में जनप्रतिनिधियों ने दिया पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला की तीन आंगनबाड़ी में सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य द्वारा कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान किया गया जिसमें गुड़, फल्ली, नारियल तेल आदि शामिल हैं। इससे कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। उनके शरीर को सही तरीके से पोषण और विटामिन मिलेगा।

मौके पर सरपंच लता ध्रुव,



उपसरपंच दीपदान साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, पंच सरस साहू, सुरेश साहू सहित पंचगण व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्वशी पटेल, उर्मिला बेगम एवं सहायिका उपस्थित रही।

# कंकालिन, देऊर मंदिर परिसर की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा मंडल पुरूर एवं गुरूर द्वारा ग्राम कनेरी के कंकालिन मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर आम लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। मां कंकालिन की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, पूर्व जिपं सदस्य मीना



साहू, मडल उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, होमशंकर साहू, हीरालाल यादव, जनार्दन सिन्हा, यादराम साहू, सत्येन्द्र साहू, दिनेश्वरी सिन्हा, रेणुका गंजीर, रूद्राणी नेताम समेत अन्य मौजूद थे। इसी तरह भाजपा मंडल गुरूर द्वारा भी अहिल्या बाई होल्कर जयंती पर देऊर मंदिर गुरूर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व अध्यक्ष कौशल साहू, महामंत्री ताम्रध्वज यादव, लिखेश्वर साहू, उपाध्यक्ष गणेश्वरी खरेन्द्र, गिरधर ठाकुर, चंद्रप्रकाश गांधी, मधु साहू, राकेश साहू सहित मंडल के कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।


हिमशिखर इंटरनेशनल कल्चरल इवेंट में दी शानदार प्रस्तुति

# शिमला के मंच पर सिया ने बिखेरा कथक नृत्य का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छत्तीसगढ़ सहित उत्तर भारत के विभित्र राज्यों के बड़े मंचों पर कथक नृत्य का जादू बिखेर चुकी नगर की बेटी सिया शर्मा ने शिमला में आयोजित हिमशिखर इंटरनेशनल कल्चरल इवेंट में शानदार प्रस्तुति दी। कत्थक विधा में शानदार प्रस्तुति देते हुए एकल व ग्रुप डांस में प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित कर नगर का मान बढ़ाया है।

हिमाचल प्रदेश के शिमला के काली बाड़ी में नृत्यधाम कला




समिति के बैनरतले 25-29 मई तक आयोजित हिमशिखर इंटरनेशनल कल्चरल इवेंट में स्व. पत्रकार कमलेश शर्मा की पुत्री सिया ने मां शिक्षिका सुमन शर्मा के साथ जाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। बता दें कि सिया ने पहले भी कई प्रदेश के बड़े मंचों में कथक नृत्य विधा का प्रदर्शन कर बहुत से इनाम जीते हैं। नृत्य कला का प्रदर्शन कर पुरस्कार जीतने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों ने एनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास पर आज पहुँचेंगे कांकेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 27 एवं 28 मई को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। राज्यपाल दो दिवसीय प्रवास के दौरान कानून एवं शांति-सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई है। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के तहत हेलीपेड स्थल में एसडीएम चारामा नरेन्द्र कुमार बंजारा, जिला पंचायत प्रवेश द्वार हेतु नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन, जिला पंचायत मीटिंग हॉल में डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज और तहसीलदार कांकेर पुष्पराज पात्र की ड्यूटी लगाई गई है। सर्किट हाउस विश्राम गृह के लिए डिप्टी कलेक्टर मनीष देव साहू, तहसीलदार नरहरपुर पौरस बेताल एवं नायब तहसीलदार सरोना संजय कुमार राय की ड्यूटी। तहसीलदार सरोना मोहित साहू का पुराना कचहरी परिसर लाइब्रेरी भवन तथा जंगलवारफेयर कॉलेज भ्रमण के दौरान डिप्टी कलेक्टर रानू मैथ्यूज की ड्यूटी लगाई गई है। अपर कलेक्टर एवं एसडीएम अरूण कुमार वर्मा कानून व्यवस्था के सम्पूर्ण कार्यप्रभार पर रहेंगे।

### उसेह मुदिया करसाड़ में विधायक मंडावी ने पेन व्यवस्था को जाना

**दुर्गूकोंदल।** जिले के सुदूर अंचल विकासखंड कोयलीबेड़ा के मोड्डेमरका में भोमराकोट पहाड़ के पास आयोजित उसेह मुदिया करसाड़ में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी शामिल हुई। उसेह मुदिया करसाड़ जो कि पेन समुदाय के सदस्यों के लिए एक साथ आने और अपने समुदाय के नियमों रीति-रिवाजों और परंपराओं को करीब से जानने का महा उत्सव है, जो सात साल के अंतराल में एक बार आयोजित होता है। विधायक ने पेन व्यवस्था को करीब से जाना। इस दौरान उन्होंने उसेह मुदिया के साथ साथ मंडावी लोगों के राऊर धनोरा, कोण्डागांव से पधारे खण्डा मुदिया का आशीर्वाद लिया।

### अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर हुई संगोष्ठी

**धनेलीकन्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार के द्वारा लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर अयोजित संगोष्ठी में मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मालवा की शासिका रही। अहिल्या बाई होलकर अपने कुशल प्रशासन तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के कारण प्रजा में लोकप्रिय थी। वे अपने जीवन काल में प्रजाजनों के दिलों में देवी के रूप में स्थापित हो गई थी। इस अवसर पर मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, मोतीराम नाग, नम्मु राम खरे, कृष्ण कुमार हुपेन्डी, चमन यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 को 1475 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 29 मई गुरूवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के लगभग 1475 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के लिए पीजी कॉलेज कांकेर, शासकीय इन्दरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही रोड अलबेलापारा, पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर तथा सेंट माईकल हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## निधन

### द्रुपत बाई साहू



**धमतरी।** ग्राम बारना सिवनी निवासी श्रीमती द्रुपत बाई साहू का अस्वस्थता के चलते 26 मई सोमवार को निधन हो गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक कीर्तनराम साहू की पत्नी तथा अधिवक्ता अशोक साहू की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बारना सिवनी में किया गया, जिसमें सामाजिकजन तथा ग्रामीण शामिल हुए।

### दिनभर निर्जला व्रत रखकर की बरगद पेड़ की पूजा-अर्चना

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना की



**सावित्री, सत्यवान की कथा सुनी**

जिस दिन विधाता ने सत्यवान की मृत्यु लिखी थी, उसी दिन सावित्री ने व्रत रखा और वटवृक्ष के पास बैठकर विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। मृत्यु के बाद सत्यवान सावित्री की गोद में लेट गए। यमराज प्रकट हुए और उनकी आत्मा को ले जाने लगे। सावित्री ने भी यमदेव का पीछा किया। सावित्री के तप को देखकर यमराज ने सत्यवान की आत्मा वापस कर दी। आत्मा शरीर में आ गई और वे जीवित हो उठे।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंचल की सुहागिन महिलाओं ने सोमवार को वट सावित्री का निर्जला व्रत रखकर श्रद्धा और भक्ति से पूजा पाठ किया। शाम को फलाहार कर उपवास तोड़ा और यमदेव की पूजाकर पति की दीर्घायु की कामना की। विदित हो कि धार्मिक परंपरा का पालन करते हुए महिलाओं ने वटवृक्ष, सावित्री सत्यवान, महादेव पार्वती आदि को स्वरूप मानकर पूजा की। मान्यता है कि सावित्री ने अपने पति सत्यवान की रक्षा यमराज से इसी दिन की थी। तब से वट सावित्री की पूजा चली आ रही है।

ज्योतिषाचार्य पं. कृष्ण अतुल तिवारी ने बताया कि वट सावित्री का व्रत जेठ माह की अमावस्या तिथि को किया जाता है। वट वृक्ष के नीचे पूजा करने का विधान यह है कि बरगद में ब्रम्हा, विष्णु, महेश का वास होता है। व्रती महिलाओं ने बरगद पेड़ में कुंआरी धागा, मौली धागा लपेट कर जन्म जन्मांतर का पवित्र बंधन बनाए रखने आराधना की। व्रत पूजा के लिए विवाहित महिलाओं को लाल केसरिया परिधान, साड़ी, सोलह श्रृंगार आवश्यक है।

शहर के सभी वार्डों और मोहल्लों में विवाहित महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा। सावित्री सत्यवान की कहानी का वाचन और श्रवण किया। बरगद पेड़ में धागा लपेटकर विधिविधान से पूजा की। शहर की व्रती महिलाएं अरूणा यादव, कंचन यादव, पिंकी साहू, निर्मला मरकाम, देववती साहू, भामा ध्रुव, माधुरी हिरवानी आदि ने बताया कि वट सावित्री व्रत महिलाओं के लिए खास पर्व है। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र व परिवार की खुशहाली के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखा। सामूहिक रूप से बरगद पेड़ की पेजा कर धागा लपेटा। महिलाओं ने बताया कि जिस तरह सावित्री ने अपने तप, प्रेम, दृढ़ संकल्प से अपने पति को यमराज से वापस पाया, इसी विश्वास से सभी महिलाओं ने व्रत रखा है।

## विधायक ओंकार दिल्ली रवाना



- ओबीसी घोषणापत्र से जुड़े मुद्दों पर आयोजित परामर्श बैठक में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व अन्य विधायकों के साथ कमलादेवी कॉम्प्लेक्स इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) नई दिल्ली में ओबीसी घोषणापत्र से जुड़े मुद्दों पर आयोजित परामर्श बैठक में शामिल होने रवाना हुए। यह बैठक ओबीसी समाज के अधिकारों और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस बैठक में वे ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण, शिक्षा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत करेंगे। ओबीसी समुदाय के मुद्दों और उनके समाधान पर चर्चा होगी। इस दौरान ताम्रध्वज साहू पूर्व कैबिनेट मंत्री, गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद, कसडोल विधायक संदीप साहू, जैजेपुर विधायक बालेश्वर साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## रत्नाबांधा में स्वच्छता अभियान चला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी आमदी मंडल के ग्राम रत्नाबांधा में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत पुण्य श्लोका लोक माता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर रत्नेश्वरी दुर्गा मंदिर, रत्नेश्वर महादेव मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण की साफ-सफाई की गई।

मौके पर महापौर जगदीश रामू रोहरा, मंडल अध्यक्ष विनय जैन, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल, कोमल देवांगन महामंत्री, कार्यकम प्रभारी राघवेंद्र साहू, देवेश साहू एवं लोकेश टंडन, ओमेश यादव, अमरनाथ साहू, राहुल यादव, देवकुमार तंबोली, जितेंद्र तिवारी, श्रीमती उषा टण्डन, कालिंदी साहू, आरती पांडे, यमुना साहू, पारस गोस्वामी, तेजनारायण मीनपाल, महेश नेताम उपस्थित थे।

## हनुमान मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

लोक माता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती पखवाड़ा के अवसर पर पीपल चौक हनुमान मंदिर के पास नगर पंचायत आमदी में सफाई अभियान चलाया गया।

मौके पर श्रीमती ज्योति साहू अध्यक्ष, कोमल यादव उपाध्यक्ष, उमानंद कुंभकार सभापति, जितेंद्र कुमार पटेल कार्यक्रम प्रभारी, त्रिभुवन मटियारा पार्षद, नारायण मटियारा पार्षद, जागेश्वर नेताम, छबलू राम साहू, श्रीमती सुनीता साहू, सालिक साहू, खलेन्द्र साहू, तरुण साहू, सोहन साहू, दरबारी साहू, प्यारेलाल साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

## मितानिनों से ली आयुष्मान वय वंदन कार्ड की जानकारी

**अंवरी।** मितानिनों की मासिक बैठक हुई। नपं अध्यक्ष ने मितानिनों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड की जानकारी ली। कितने लोगों का बना है और कितना बाकी है। सुशीला निर्मलकर ने कहा कि मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु दर कम करने में सभी मितानिन, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से परिवार भ्रमण कर हाईरिस्क माता की पहचान कर उसे इलाज के लिए भेजेंगे। हमर नगर हमर जिम्मेदारी के तहत जल संरक्षण संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष सहयोग हेतु संकल्पित हुए। पानी बचाने के बारे में बताया गया। वृक्षारोपण के लिए जगह चिन्हांकित करने की बात कही।

## विकास कार्यों की मांग को लेकर गंगरेल मंडल अध्यक्ष ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को उनके निवास कार्यालय में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक सात के विभिन्न विकास कार्यों की मांगों को लेकर गंगरेल मंडल अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन ने मांग पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इस पर गंभीरतापूर्वक विचार कर मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। श्रीमती देवांगन ने कहा कि प्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है और हमें पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास का एक नया कीर्तिमान गढ़ेगा।

प्रमुख मांगों में नगरी सिहावा मुख्य मार्ग में अछोटा से कोलियारी नवीन पुल निर्माण, जल संग्रहण हेतु एनीकट निर्माण, सभी ग्रामों में महानदी तट पर तटबंध निर्माण से लेकर अन्य छोटे-बड़े विकास कार्य शामिल है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, झुरानवागांव सरपंच फलेन्द्र साहू, सिवनी सरपंच योगेश साहू, बूथ अध्यक्ष डोमन साहू उपस्थित थे।

## पीएमश्री स्कूल गोकुलपुर में समर कैंप का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला गोकुलपुर में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समर कैंप में बच्चों ने योगा, व्यायाम, एरोबिक्स, खेल, गीत, संगीत, नृत्य, रंगोली, मेहंदी, मिट्टी के खिलौने, चित्रकारी, ड्राइंग पेंटिंग, स्पोकन इंग्लिश, पतियों से विभिन्न आकृतियों का निर्माण, पुराने न्यूज पेपर से टोपी बनाना, मेहंदी, बाल फिल्म का अवलोकन प्रोजेक्ट द्वारा, विज्ञान के सरल प्रयोग, तबला, हारमोनियम बजाना सीखा।

समापन कार्यक्रम के अतिथि एपीसी नंदकिशोर साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी, बीआरसीसी ललित सिन्हा, संकुल समन्वयक श्रीमती नविता तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड पार्षद गजेंद्र कंवर ने की। समर कैंप में प्रधानपाठक श्रीमती शाहनाज बेगम, अध्यक्ष श्रीमती रीना साहू, शिक्षाविद विजय साहू, गंगाधर ध्रुव, गजेंद्र पाल साहू, उमेश यादव, प्रवीण कुमार यादव, धर्मेंद्र साहू, हुलेश्वरी साहू, बेदुबाई ध्रुव, अंकिता नेनवानी, किरणलता साहू, वी. सारनी, टीकाराम साहू, ममता साहू, बबीता भूआर्य, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से कंचन का सहयोग रहा। सभी बच्चों को प्रमाण-पत्र व टी-शर्ट प्रदान की गई।

## ट्रैफिक और सड़क दुर्घटना से निजात दिलाने बाईपास की मांग

- समाधान शिविर में नपं के लोगों ने विधायक ओंकार साहू को बताई विभिन्न समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने नगर पंचायत आमदी में आयोजित समस्या निवारण शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर में लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक के सामने रखीं, जिनमें आवास, विद्युत, शिक्षा, राशन कार्ड, स्वास्थ्य और सड़क की समस्याएं प्रमुख थीं।

विधायक ओंकार साहू ने लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद आश्वासन दिया कि वे समस्याओं के समाधान के लिए काम करेंगे। नगर पंचायत आमदी के लोगों ने विधायक से बाईपास की मांग की, ताकि नगर पंचायत में ट्रैफिक और सड़क दुर्घटना से निजात मिल सके। विधायक ने सर्वे कराकर बाईपास के लिए योजना बनाने की बात कही। इसके अलावा, उन्होंने नगर पंचायत में जल्द ही गौरव पथ की स्वीकृति दिलाने की बात कही। इसी तारतम्य में विधायक व अन्य अतिथियों नें नन्हे बच्चों को अन्नप्राशन कराकर हितग्राहियों को बैंगन का पौधा, स्कूली बच्चों को गणवेश, आयुषमान कार्ड, राशन कार्ड का वितरण किया। मौके पर पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरु निषाद, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कोमल यादव, नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर, पूर्व नपं अध्यक्ष हेमंत माला, उमानंद कुंभकार सभापति, सरिता साहू सभापति, जागेश्वर नेताम सभापति, नारायण सिंह मटियारा पार्षद, ललिता पटेल पार्षद, संतोषी साहू पार्षद, छबरूराम साहू पार्षद, जितेंद्र साहू पार्षद,पारसमणि साहू पार्षद, किरण साहू पार्षद, एमन साहू विधायक प्रतिनिधि आमदी, जागेश्वर साहू, राधेश्याम साहू, हीरालाल साहू, पुनीत ध्रुव, आनंद राम साहू, लक्ष्मी पटेल, महेंद्र कोसरिया, एसडीएम धमतरी, भूपेश दीवान सीएमओ नगर पंचायत आमदी उपस्थित थे।

## लीनेस क्लब ने किया मातृशक्तियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में ऑल इंडिया लीनेस क्लब एवं कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट द्वारा मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लोकेश कावड़िया अध्यक्ष निःशक्त जन आयोग, वरिष्ठ समाजसेवी दाऊ कृष्णकुमार गुप्ता, पूर्व एमडी समाज कल्याण विभाग राकेश तिवारी, राजेन्द्र जैन महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस आर्गेनाइजेशन द्वारा मातृशक्ति स्वरूपा वरिष्ठ समाज सेवी श्रीमती सूर्या लुंकड़, प्रभा रावत, गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. प्रीति साहू, मनोरोग चिकित्सक डॉ. रचना मिश्रा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मंजु गुप्ता का सम्मान मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के जांबाजों के प्रति अपनी भावना को व्यक्त करते हुए नन्हें कलाकार मिहिका साहू, रचित पद्मवार, आरुष पद्मवार, प्राची सोनी, सिद्धार्थ, समृद्धि सिन्हा, युक्ति ध्रुव, लावण्या ध्रुव, द्विती शर्मा, भव्या जैन, समकित जैन, मिष्टी अग्रवाल, हर्षाली गुप्ता, लविश मुंजवानी, मान्या मुंजवानी, अर्शिया गोयल ने ड्राइंग बनाकर लोकेश कावड़िया को भेंट किया।

### भाजपा मंडल मगरलोड ने बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में विचार संगोष्ठी का किया आयोजन

# सेवा, जनजागरण की मिसाल थी अहिल्याबाई होल्कर : निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उनके जीवन को समाज के मध्य रेखांकित करने भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर संबोधित करते हुए बस्तर सह प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य निरंजन सिन्हा ने कहा कि हम लोकमाता के जन्मजयंती को सेवा जनजागरण अभियान के रूप में मना रहे हैं। उनका जीवन एवं कार्य उल्लेखनीय पूर्ण रहा। इन्हीं के प्रेरणा स्वरूप महिला सशक्तिकरण से लेकर प्राचीन धरोहर को सहेजने का कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर ने हजारों मंदिरों का पुनरुत्थान किया एवं महिलाओं के साथ मिलकर उन्हें आगे बढ़ाया।






अहिल्या बाई होल्कर की याद में 16 मई से 31 मई तक भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य बीथिका विश्वास, जिला पंचायत सदस्य कृषि सभापति टीआर कंवर, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू ने भी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन , उनके धर्म , सेवा न्याय और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शत्रुघ्न साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु, महामंत्री मुरली सिन्हा, महामंत्री नंदनी सिन्हा, सरपंच संघ अध्यक्ष राखी साहू, मंडल उपाध्यक्ष चंदू निषाद, विष्णु साहू, धनंजय साहू, कोषाध्यक्ष डीहू राम साहू, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कविता यादव, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री भानु प्रिया साहू, सरिता बंजारे, गायत्री सोनी, वरिष्ठ कार्यकर्ता टीकम साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य भवानी यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, रामायण सिन्हा,श्रवण साहू, हिरंजय साहू, रोहित यादव, पार्षद यशोदा साहू, यादराम गायकवाड़, विदम चौहान, अशोक साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य राधा साहू, शांति देवांगन, भाजयुमो उपाध्यक्ष नेमू निषाद, महामंत्री घनश्याम साहू, भुनेश्वरी ठाकुर, श्यामा साहू, बिराजो बाई साहू, पद्मिनी साहू, बबीता ध्रुव, रम्भा ध्रुव, पूर्णिमा मार्कण्डेय, डुगेश्वरी साहू, दुलेश्वरी साहू, चमेली साहू, भगत मार्कण्डेय, इशू साहू, बेनुराम साहू, पुष्पा, कौशल्या साहू, रमेश साहू, द्रोण गायकवाड़, महेश सिन्हा, भूपत राम सिन्हा, लोचन साहू, लालाराम यादव, नारायण साहू, रघुनंदन पटेल, हुलेश कुमार, घनश्याम कंवर, मिलन नेताम, जनकराम साहू, राजेंद्र कुमार निषाद, ठाकुर राम साहू, कृष्ण कुमार ध्रुव, लोमन यादव, गजेन्द्र कुमार, तनेश साहू, जीतू मौजूद थे।

## महापौर ने मकेश्वर वार्ड का किया दौरा समस्याएं सुनकर समाधान का दिया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने मकेश्वर वार्ड का निरीक्षण कर वार्डवासियों की समस्याओं को नजदीक से जाना। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी परेशानियों को गंभीरता से सुना। नागरिकों ने पानी की कमी, नाली जाम, सड़क की जर्जर हालत और सफाई व्यवस्था को लेकर कई मुद्दे उठाए। महापौर ने न केवल इन समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया, बल्कि अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान एक भावुक क्षण तब आया जब एक बुजुर्ग महिला ने अपनी व्यथा महापौर को सुनाई। उनकी बातें सुनकर श्री रोहरा ने उन्हें गले लगाया और कहा मां मुझ पर भरोसा रखिए, आपकी हर परेशानी मेरी अपनी है। जल्द ही समाधान होगा।

**खबर संक्षेप**

## सरगी के पंच खेमधर करेंगे देहदान



**धमतरी।** ग्राम सरगी निवासी 51 वर्षीय खेमधर साहू ने डिप्टी कलेक्टर को देहदान करने का आवेदन दिया है। खेमधर साहू ने बताया कि वह कृषि मजदूर है। उनकी दो लड़की और एक लड़का है। परिजनों ने देहदान करने की इच्छा जाहिर करने पर सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। उनका कहना है कि वे जीतेजी समाज के लिए कोई उल्लेखनीय कार्य तो नहीं कर सका लेकिन मरने के बाद उसका शरीर समाज के लिए कुछ काम आ जाये, यह सोचकर देहदान करने का आवेदन कलेक्टर को दिया है। वर्तमान में वह पंच पद पर हैं। दोस्त पुरूषोत्तम साहू से प्रेरित होकर वह अपना शरीर दान करने का संकल्प लिया है।

## 19 पौवा अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**कुरूद।** ग्राम परखंदा में अवैध रुप से शराब बिक्री कर रहे एक युवक से 19 पौवा देशी मशाला शराब 1900 रूपये एवं बिक्री रकम 240 रूपये जुमला 2140 रूपये जब्त कर कुरुद पुलिस ने धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस थाना कुरूद को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम परखंदा के बीचपारा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर ग्राम परखंदा बीचपारा में कुरुद पुलिस ने रेड की कार्रवाई कर आरोपी सन्नी निर्मलकर उम्र 22 वर्ष पिता नकुल निर्मलकर साकिन परखंदा थाना कुरूद जिला धमतरी को पकड़ा। वह अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा था। उसके कब्जे से थैले के अंदर 19 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 1900 रूपये एवं बिक्री रकम 240 रुपये जुमला रकम 2140 रूपये जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना कुरूद में धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## युवाओं ने लिया गांव को कचरामुक्त बनाने का संकल्प

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बनबगौद के युवकों ने अपने गांव को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त बनाने कस ली है। यह अभियान लगभग पंद्रह दिन से जारी है। युवकों ने बताया कि बरसात के दिनों में यह ग्राम नालों व रपटा के कारण बाढ़ से घिर जाता है। इस कारण भी जंगल से कचरा बहकर गांव की गलियों में जमा हो जाता है। इससे मौसमी बीमारियों का अंदेशा बना रहता है। अब अपने गांव को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए समिति बना ली गई है। युवक स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। वह एक सराहनीय पहल है। इस अभियान की शुरूआत पिछले सप्ताह गांव के तालाब की सफाई शुरू की है। उनका लक्ष्य है कि गांव के हर कोने को साफ-सुथरा बनाया जाए। यदि गांव के लोग भी उनका सहयोग करे, तो यह प्रयास और भी सफल और प्रभावी सिद्ध हो सकता है। सफाई अभियान में हृदेश्वर, धर्मेंद्र, रोहित, भूषण, गौरव, मुक्तेश्वर, दीपांशु, छबि, राजवीर, कुंदन, खोमेश, मुनेश, खिलेश और गौरव कोर्राम जुटे हुए हैं।

### जनहित की विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# सुरक्षाकर्मियों ने रोका तो कांग्रेसी ननि के मुख्य गेट के सामने धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जनहित की विभिन्न मांगों को लेकर शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं पार्षदों ने नगर पालिक निगम का घेराव किया। कांग्रेसी कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से नारेबाजी करते हुए निगम कार्यालय पहुंचे जहां सुरक्षाकर्मियों ने कांग्रेसियों को कार्यालय भवन के मुख्य गेट पर रोका। इससे नाराज होकर कांग्रेसी गेट के सामने धरने पर बैठ गए। कांग्रेसियों ने सोरिद नाला निर्माण कार्य में अनियमितता के संबंध में दोषियों पर कारवाई, गुणवत्ताहीन कचरा संग्रहण रिक्शा खरीदी की जांच, शहरी क्षेत्र के नए हितग्राहियों के लिए महतारी वंदन योजना पोर्टल खोलने की मांग, गरीबों को आवास, झुग्गी झोपड़ी वालों को पट्टा, पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ, निगम से निकाले गए 19 प्लेसमेंट कर्मचारियों को पुनः नियुक्ति प्रदान करने जैसी विभिन्न मांगों को लेकर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि देश में ट्रिपल इंजन की सरकार से आज हर कोई प्रताड़ित है। निगम में भाजपा की रोहरा सरकार द्वारा आदिवासी परिवार के घरों को तोड़ा जा रहा है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा करोड़ों युवाओं को नौकरी देने का सपना दिखाया जाता है वहीं निगम में उन्हीं के नेतृत्वकर्ताओं द्वारा छोटे



कर्मचारियों को नौकरी से निकालकर प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। गुणवत्ताहीन कार्य को अंजाम देने वाले भ्रष्ट ठेकेदारों को बचाने का कार्य किया जा रहा है। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि नगर निगम बड़े रसूखदारों से कब्जा नहीं हटवा पा रहा है वहीं छोटे-छोटे लोगों की जमीन पर ही नाला बनाकर कब्जा किया जा रहा है। यह किस प्रकार का सुशासन है। पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि शहरीय सत्ता में भाजपा जबसे आई है तबसे आम जानता त्रस्त है। लोगों को निगम में भटकना पड़ रहा है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदनमोहन खंडेलवाल, जिला सचिव विक्रांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मरकाम, पार्षद सुमन मेश्राम, सूरज गहरवार, पूर्णिमा रजक, भागी उमा ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे, राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, कमलेश सोनकर, सोमेश मेश्राम, चोवाराम वर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, गुड्डा दीवान, जीत्तू साहू, तारिक रज़ा कादरी, दीपक साहू, देवेंद्र देवांगन, सूरज पासवान, गजानंद रज़क, समीना खान, रुद्रा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निगम दफ्तर की छत पर चढ़ा सांड

■ कड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतारा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगरपालिक निगम के राजस्व दफ्तर में रविवार को एक सांड सीढ़ी के सहारे छत पर जा पहुंचा। राजस्व दफ्तर दो मंजिला इमारत है। कौतुहलवश लोगों की भीड़ लग गई। काफी देर बाद एक गौ प्रेमी हरा चारा का लालच दिखाकर सीढ़ियों के सहारे धीरे-धीरे सांड को नीचे उतारा तब लोगों ने राहत महसूस की। अब सवाल यह उठता है कि आखिर सांड दो मंजिला इमारत की छत पर कैसे गया। जबकि निगम दफ्तर रविवार को बंद रहता है। नीचे च्वाइस सेंटर भी बंद रहता है। मेनगेट पर ताला लगा रहता है एवं चौकीदार की डयूटी लगी रहती है। इसके बाद भी सांड चारे पानी की तलाश में छत पर जा पहुंचा। गनीमत है कि सांड ने ऊपर से छलांग नहीं लगाई अन्यथा उसकी मौत तो होती साथ ही आवागमन करने वाले राहगीर भी बड़ी दुर्घटना के शिकार हो सकते थे। सांड के छत पर चढ़ते ही लोगों ने वीडियो बनाना शुरु कर दिया एवं पूरे शहर में वायरल कर दिया।

## जनदर्शन में पूरी हुई दिव्यांगों की आस


**धमतरी।** जिला कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन होता है। इस सप्ताह आयोजित जनदर्शन कुछ जरूरतमंदों के लिए खास व सुकून देने वाला रहा। जनदर्शन में ग्राम हरफतराई के दिव्यांग नरोत्तम बंजारे और ग्राम गिरहोलाडीह सिंगपुर निवासी रामाधीन सिन्हा ने वाकर और श्रवण यंत्र प्रदान करने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने आवेदन पर संवेदनशीलतापूर्वक विचार करते हुए तत्काल इन्हें वाकर और श्रवण यंत्र प्रदान करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती मनीषा पाण्डेय को दिये। समाज कल्याण विभाग ने तत्काल इन हितग्राहियों से आवश्यक दस्तावेज लेकर जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा के हाथों इन्हें वाकर और श्रवण यंत्र वितरित कराया ।

वाकर मिलने पर दिव्यांग नरोत्तम बंजारे ने कहा कि पहले अपने रोजमर्रा के कामों को करने के लिए काफी परेशानी होती होती थी। खासकर ऐसे काम जो एक जगह से दूसरी जगह जाकर करने हो उन कामों के लिए दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता था लेकिन जिला प्रशासन द्वारा मुझे वाकर प्रदान किया गया है, जिसकी मदद से मैं धीरे-धीरे ही सही पर बिना किसी सहारे के गंतव्य तक पहुंच सकता हूं। श्रवण बाधित रामाधीन सिन्हा ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ सुनने की शक्ति कम हो गई है लेकिन अब मुझे श्रवण यंत्र मिल गया है, जिससे अब मैं किसी की बात सुन सकता हूं और अपनी बात उनके साथ बिना संकोच के कर सकता हूं।

# 10वीं-12वीं के प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मोहसिन-ए-आजम मिशन ने 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें आगे बेहतर करने के लिए प्रेरित करना था। बच्चों को पुरस्कार देकर उनकी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर मोबिन अली, फहीम



अशरफी, अशफाक अली हाशमी, हनीफ अहमद, गुलाम रसूल खान और हुस्ना बानो रहे। सभी ने बच्चों की उपलब्धियों की तारीफ की।

कक्षा 10वीं में रिदा अंजुम ने 86.66 प्रतिशत, अरीबा खान ने 92 प्रतिशत, गौसिया परवीन ने 81 प्रतिशत, तनिशा फातिमा ने 72.3 प्रतिशत और समायरा कुरैशी ने 93.8 प्रतिशत अंक हासिल किया। 12वीं में सैय्यद रेहान अली ने 83.8 प्रतिशत, मोहम्मद उबैद रजा ने 79.6 प्रतिशत, अहमद रजा ने 85.2 प्रतिशत, अश्मीरा मेमन ने 75 प्रतिशत और मोनिशा ने 77.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

मौके पर मोहसिन-ए-आजम मिशन के अध्यक्ष सलीम खान, उपाध्यक्ष मोइनुद्दीन काजी, फैसल नवाज, आवेश अली, हातिम खान, मोहिब कुरैशी, रईस अशरफी, शमशाद खान समेत अन्य मौजूद रहे।

## बांधा तालाब एवं हनुमान मंदिर प्रांगण की सफाई की

**नगरी।** परमार्थ सेवा समिति द्वारा बांधा तालाब एवं हनुमान मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में संगठन के कई सक्रिय सदस्य शामिल हुए और समाज सेवा की मिसाल पेश की। इस अभियान में जसपाल खनूजा, देवकांत गजपाल, पप्पू साव, लकेश्वर यादव, चमन साहू, दयाशंकर साहू, भोजराज साहू, संजय निर्मलकर, आकाश पंजाबी, केशव पटेल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## विधायक ने मंदरौद में शहीद भगतसिंह की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण



चिरस्थायी निर्माण से दिखती है वास्तविक प्रगति : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

खेल एवं रचनात्मक कार्यों से एक विशिष्ट पहचान बना चुके ग्राम मंदरौद में क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने शहीद ए आजम भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण और प्रैक्टिस हेतु तैयार 3 नेट्स युक्त टर्फ विकेट का उद्घाटन किया।

इस मौके पर श्री चंद्राकर ने स्वयं के संसाधन पर राज्यस्तरीय खेल मैदान तैयार कर देखभाल हेतु क्लब का गठन करने वाले युवा टीम की पीठ थपथपाते हुए इसे क्षेत्र में एक नई मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि कांक्रीट की जगह ऐसे ही चिरस्थाई निर्माण से व्यक्ति का वास्तविक विकास परिलक्षित होता है। विधायक ने युवाओं में जोश भरते हुए शहीदे आजम भगत सिंह के विचारों को आत्मसात करने की सलाह दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मंडल अध्यक्ष कृष्णकान्त साहू, भाजपा महामंत्री थानेश्वर तारक, सरपंच भीखम लहरे, वरिष्ठ खिलाड़ी पुष्कर गोस्वामी, कंचन नारद साहू, मोती, देवाराम, थानुराम साहू आदि मौजूद थे।

### कुर्मी समाज के वार्षिक अधिवेशन में भी हुए शामिल

इसी प्रकार कुरुद में आयोजित एक दिवसीय चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कुरुद राज के वार्षिक अधिवेशन में भाग लिया। उन्होंने कुर्मी समाज की गौरवशाली विरासत का उल्लेख करते हुए शिक्षा और व्यवसाय के ओर आगे बढ़ने के लिए युवा वर्ग को समझाईश दी। इस मौके पर डॉ. प्रवीण चन्द्राकर, नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, तपन, वासुदेव, शरद, दिनेश, प्रदीप, खिलेन्द्र, रोशन, लेखराज, नविता, परमेश्वरी, ईश्वरी चन्द्राकर, दिनेश, केशव, देवेश चन्द्राकर आदि समाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# झीरम घाटी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

■ राजीव भवन में कांग्रेसियों ने उनकी शहादत को किया नमन, विचार गोष्ठी भी आयोजित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






नक्सली हमले में शहीद नेता नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं शहीद हुए अन्य नेताओं की पुण्यतिथि को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा राजीव भवन धमतरी में शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए उनके व्यक्तित्व-कृतित्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए योगदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व की षड्यंत्रकारी तरीके से 2013 में नक्सली हमले में हत्या कर दी गई थी। परिवर्तन यात्रा के दौरान छग प्रदेश कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नन्दकुमार पटेल, नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार समेत वरिष्ठ कांग्रेसी और जवानों ने नक्सली हमले में अपने प्राण न्यौछावर किये थे। जिन सपनों को लेकर हमारे नेता जनता के बीच जाकर काम करते हुए अपने अपने प्राणों की बलि दी थी उन सपनों को पूरा करने का एक प्रयास भूपेश बघेल सरकार द्वारा किया गया। दिवंगत नेताओं के समृद्ध छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता पूर्ण करने प्रतिबद्ध है।

पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि शहीदों के पद चिन्हों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। छग की इस प्रथम पंक्ति के नेताओं का जघन्य हत्याकांड पूरे देश के कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। इस क्षति की भरपाई कांग्रेस पार्टी कभी नहीं कर पाएगी।

इस दौरान मोहन लालवानी, विपिन साहू, कविता बाबर, आलोक जाधव, आंनद पवार, योगेश शर्मा, गोपालप्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश जैन, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, विक्रांत पवार, सोमेश मेश्राम, श्रवण नेताम, सुष्मिता रकटाटे, सूरज पासवान, श्रवण साहू, अजय डहरिया, आशुतोष खरे, अविनाश मरोठे, तारिक रज़ा कादरी, अम्बर चंद्राकर, रजत सोनकर, अमित बाघमरिया, शेख सोहेल, जीत्तू साहू, गीतराम सिन्हा, समीर जोशी, मोहन ध्रुव, रुद्रा साहू, नमन बंजारे, वीरू महाजन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आज की पीढ़ी सनातन धर्म के उदय का साक्षी बन रही : गोलछा



■ विहिप, दुर्गावाहिनी प्रशिक्षण वर्ग का निरीक्षण करने पहुंचे प्रांत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी द्वारा जिले में हिंदू जागरण और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का निरंतर कार्य किया जा रहा है। इससे प्रभावित होकर प्रांतीय आधिकारियों ने इस वर्ष दुर्गावाहिनी का प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग धमतरी में आयोजित करने का निर्णय लिया। जिले के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण के लिए लगातार मेहनत की और दुर्गावाहिनी की जिला संयोजिका भूमिका कोर्राम के साथ विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आयोजन किया। 22 से 29 मई तक प्रशिक्षण वर्ग जारी है। जिले की विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ताओं ने 300 से ज्यादा दुर्गावाहिनी की बहनों को संगठित करने में सफलता प्राप्त की। इस प्रशिक्षण वर्ग का प्रांत के अध्यक्ष संतोष गोलछा निरीक्षण करने पहुंचे। श्री गोलछा ने सात दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त पहुंचे 300 से ज्यादा बहनों से मुलाकात की।

श्री गोलछा ने बताया कि आज की पीढ़ी सनातन धर्म के उदय का साक्षी बन रही है जिन्होंने सनातन के उदय को अपनी आंखों से देखा है और सनातन संस्कृति को स्थापित होते अनुभव किया है। इस प्रशिक्षण में विहिप के जिलामंत्री रामचंद देवांगन, जिला अध्यक्ष यशवंत साहू, जिला सहमंत्री दीपक सोनी, जिला संयोजक रवि कुमार, जिला संयोजिका दुर्गावाहिनी भूमिका कोर्राम, जिला सहसंयोजक तुषार साहू, जिला धर्म प्रसार प्रमुख दक्षिणेंद्र गिरी, रंजीत साहू, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, कविता कुर्रे, मिथलेश साहू, लक्की साहू, दिलीप साहू, योगेंद्र साहू, इंद्रकुमार निखिल, कुंजबिहारी योगदान दे रहे हैं।

# पार्षद ने दी दो हजार की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद श्रीमती हिमानी साहू ने वार्ड की ही स्व. श्रीमती सरस्वती बाघमार पति रामनाथ बाघमार के घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवारजनों से मुलाकात की। सरकार द्वारा दाह संस्कार के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 2000 रुपये परिवार के सदस्यों को प्रदान की।



## सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा



**धमतरी।** छाती की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए वट सावित्री व्रत रखा। वट वृक्ष की पूजा की और सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। महिलाओं के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है। पौराणिक मान्यता है कि यमराज ने वट वृक्ष के नीचे ही सत्यवान के प्राण लौटाकर सत्यवती सावित्री को पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया था, इसलिए सुहागिनें वट सावित्री का व्रत अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखती हैं। वट सावित्री व्रत के दिन अगर शुभ मुहूर्त पर वट वृक्ष की पूजा की जाए तो वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
GLOBAL ICON AWARDS 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :- सोमवार से शनिवार सुबह 11 से शाम 6 बजे तक